म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, जेल रोड़, भोपाल

कमांक / बी–6 / 1–3 / उप. / संशो. / पार्ट / 171 भोपाल, दिनांक 01/02/2016

–:: **आदेश** ::–

म.प्र. कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 (कमांक 24 सन् 1973) की धारा 81 की उपधारा (1) एवं (2) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों प्रयोग करते हुये, प्रदेश की कृषि उपज मंडियो मे अधिसूचित फल एवं सब्जी विपणन के उद्देश्य से कृषि उपज मण्डी समितियो मे लागू "फल–सब्जी विपणन के लिये उपविधि सन् 2000" मे संशोधन की अपेक्षा करते हुए निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 29 / 02 / 2016 तक उपविधि सन् 2000 की कंडिका 5 की उप कंडिका 4 में संशोधन किया जाकर अनिवार्य रूप से स्थापित करे अर्थात् :–

कंडिका (5) की उप कंडिका (4) मे शब्द "विकय मूल्य का 7 प्रतिशत" के स्थान पर "विकय मूल्य का 2 प्रतिशत" स्थापित किया जाता है।

विनिर्दिष्ट कालावधि मे मण्डी समिति द्वारा "फल सब्जी विपणन के लिये उपविधि सन 2000" में उपरोक्तानुसार संशोधन करने मे असफल रहने की स्थिति में "फल–सब्जी विपणन के लिए उपविधि सन 2000" के उक्त संशोधन म.प्र.कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (कमांक 24 सन् 1973) के या उसके अधीन बनाये गये नियमो के उपबन्धो के अनुसार मण्डी समिति द्वारा किये गये समझे जाएगे और तदुपरि उक्त संशोधन दिनांक 01 / 03 / 2016 से मण्डी समिति पर आबद्धकर होगे।

(अरूण पाण्डेय)
प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–6/1–3/उप./संशो./पार्ट/172 भोपाल, दिनांक 01/02/2016

प्रतिलिपि :–

1. निज सहायक, मान. मंत्रीजी, किसान कल्याण तथा कृषि विकास भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

2 स्टाफ आफिसर,, कृषि उत्पादन आयुक्त, म.प्र.शासन, भोपाल।

3. निज सचिव, प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल।

4. निज सचिव, सचिव, मान0 मुख्यमंत्री कार्यालय, भोपाल।

5 निज सचिव, प्रबंध संचालक म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।

6 अपर/संयुक्त/उपसंचालक म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय............ (समस्त) की ओर लेख है कि आपके संभाग की अधीनस्थ मंडियो मे उपरोक्त अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु 15 दिवस मे समस्त मंडियो से पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर मुख्यालय को प्रेषित करे।

7 अध्यक्ष/सचिव कृषि उपज मण्डी समिति..............................जिला................................ की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

8 गार्ड फाइल/कम्पयूटर शाखा/प्रांगण शाखा।

प्रबंध संचालक
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल